# विश्व कविता दिवस के अवसर पर साहित्य अकादेमी का बहुभाषी कवि सम्मेलन



**संवाददाता**

**कोलकाता।** विश्व कविता दिवस के अवसर पर साहित्य अकादेमी ने ऑनलाइन बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया है। समारोह में स्वागत भाषण साहित्य अकादेमी, क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता के प्रभारी अधिकारी क्षेत्रबासी नाएक ने दिया। कविता पाठ में बणार्ली बोरगोहेन (अहमिया), अर्नब साहा (बांला), रश्मि चौधरी (बोडो), निवेदिता झा (मैथिली), देवदास मैरेम्बम (मणिपुरी), लक्ष्मण अधिकारी (नेपाली), शशिभूषण बिश्वाल (ओडिआ) और भुजंग टुडू (सांथाली) ने हिस्सा लिया। आमंत्रित कवियों ने अपनी कविताओं का मूल भाषा के साथ-साथ हिंदी/अंग्रेजी में अनुवाद भी प्रस्तुत किया। कविताओं में व्यक्तिगत भावनाओं के साथ-साथ समकालीन छवियां भी प्रतिबिंबित हुआ। कुछ कविताओं ने आधुनिक समाज की खामियों को उजागर किया। अंत में साहित्य अकादेमी, कोलकाता कार्यालय के कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक रथ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।